*This question paper contains 12 printed pages.]*

**3430** *Your Roll No. .......................*

# LL.B. / I Term **BS**

## Paper IV – CRIMINAL LAW-I (OC)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

***Note :*** *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*Attempt any **five** questions.*
*All questions carry equal marks.*

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**1.** (a) Due to some old enmity between A and B, A caused multiple injuries to B with a knife. B was admitted to the hospital and two consecutive surgeries were performed on him. Thereafter, B

[P.T.O.

developed hyperpyrexia (high temperature) as a result of which he died. The post mortem report shows that death was the result of hyperpyrexia. Decide the liability of A. Justify your answer with relevant provisions of law and cases.

(b) X while trying to assault Y was intervened by Z. X finding himself one against two took out a knife and stabbed Z. At that stage Z happened to be in a crunching position presumably to intervene and separate the two. The knife pierced the upper portion of his left thigh. The stab wound was oblique and it cut the femoral artery and vein under muscle, which are vital vessel of the body. Z died immediately after the injuries. Can X be held guilty under Section 300 (3). Decide.

(क) 'A' व 'B' के बीच पुरानी वैमनशता की वजह से, 'A' ने 'B' को चाकू से कई चोटें कारित की। 'B' को अस्पताल में भर्ती किया गया तथा लगातार दो शल्य क्रिया किया गया। तत्पश्चात् 'B' को तीव्र ज्वर हो गया। परिणामस्वरूप उसकी मृत्यु हो गयी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट यह दर्शाता है कि मृत्यु तीव्र ज्वर के परिणामस्वरूप हुई। 'A' के दायित्व का निर्धारण कीजिए। उपयुक्त विधिक उपबंधों और निर्णीत वादों के समर्थन में अपना उत्तर दीजिए।

(ख) 'X' जब 'Y' पर प्रहार का प्रयास कर रहा था, 'Z' द्वारा हस्तक्षेप किया गया। 'X' स्वयं को दो के विरुद्ध अकेला पाते हुए चाकू निकाला तथा 'Z' को भोंक दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि 'Z' दोनों को अलग करने के लिए हस्तक्षेप में बेवजह कुचला गया। चाकू बायी जाँघ के ऊपरी हिस्से पर लगा। घाव तिरछा था तथा मांसपेशियों के अन्दर सामान्य धमनी और शिरा को काट दिया जो कि शरीर के लिए मर्म थी। चोट के तत्काल बाद 'Z' मर गया। क्या 'X' को भा. द. संहिता की धारा 300(3) के तहत दोषी ठहराया जा सकता है? निर्णीत कीजिए।

**2.** (a) H, the husband killed his wife one night in the kitchen of his house. He was on terms of immoral intimacy with one Mrs. X. The husband had entertained suspicion about his wife's conduct with his cousin. On the fateful night husband and wife quarreled which culminated in the saying by the wife, "Well, if it will ease your mind, I have been untrue to you" and she went on "I know I have done wrong but I have no proof that you haven't at Mrs. X." Upon hearing this, the husband lost his temper, picked up the hammer head and struck on her head. She lost her life immediately.

On his prosecution for murder, H pleads, grave and sudden provocation. Will he succeed ?

(b) Surinder bought a car, securing loan from a Bank. The agreement contained a clause that in case Surinder defaults consecutively thrice in paying his EMIs, the Bank is entilted to take away the car. One year after Surinder faulted to make payment of his installments, Bank asked some of its agents to take away the car parked in front of the house of Surinder. Agents went and with the help of master-key took away the car from parking site without the consent of Surinder. Surinder files an F.I.R. in the Police Station about theft of his property. Decide about the success of Surdiner's claim.

(क) पति 'H' एक रात अपने घर के रसोई घर में अपनी पत्नी की मृत्यु कारित की। उसके श्रीमती 'X' के साथ अनैतिक सम्बन्ध थे। पति को अपने चचेरे भाई के प्रति पत्नी के आचरण पर संदेह था। घटना की रात पति और पत्नी के बीच झगड़ा हुआ जो इस सीमा तक पहुँच गया कि पत्नी ने कहा, "ठीक है, यदि इससे आपको राहत महसूस हो रही है तो मैं आपके प्रति अपवित्र हूँ।" और आगे कहती गयी, "मैं जानती हूँ मैंने गलत किया है, परन्तु मेरे पास कोई सबूत नहीं है कि आप श्रीमती 'X' के साथ

नहीं हैं।'' यह सुनकर पति ने अपना आपा खो दिया, हथौड़ा उठाया और पत्नी के शिर पर प्रहार किया। वह तुरन्त मर गयी।

'H' अपने हत्या के अभियोजन में गंभीर और अचानक प्रकोपन का अभिवचन करता है। क्या वह सफल होगा ?

(ख) सुरेन्दर ने बैंक से लोन लेकर कार खरीदी। करार में एक उपबंध था कि सुरेन्दर के लगातार तीन मासिक किस्त (E.MIs) देने में असफल होने पर बैंक कार को ले लेने का अधिकारी होगा। एक वर्ष पश्चात् सुरेन्दर अपनी किस्तें जमा करने में असफल रहा। बैंक ने अपने कुछ अभिकर्ताओं को सुरेन्दर के घर के सामने खड़ी कार को ले लेने को कहा। अभिकर्ता वहां गये और मास्टर चाबी का प्रयोग कर सुरेन्दर की सहमति के बिना पार्किंग स्थल से कार उठा लाए। सुरेन्दर ने थाने में अपनी सम्पत्ति की चोरी की प्रथम इत्तिला सूचना (F.I.R.) दाखिल किया। सुरेन्दर के दावों की सफलता के बारे में निर्णय कीजिए।

3. (a) C, a cab driver appointed by an MNC at Gurgaon makes trips to and fro from Delhi to Gurgaon commuting employees of the Company. Due to strike by few cab drivers, C was requested to make more trips during day as well as night. On 24.04.2011 when he was making his 8th trip from Gurgaon to Delhi at 80. KMPH with ten employees on board at about 3.30. a.m., he being

tired and exhausted felt sleepy and while negotiating a curved flyover, fell down from it causing death of 8 of the employees and injuries to rest including himself. Has C committed any offence? If so, state the offence and support your answer with decided cases.

(b) X and Y were very intimate to each other. It was during this intimacy that X was able to have some obscene photos of Y. After their college days when Y was married to Z, X telephoned her to give him an amount of Rs. 50,000/- otherwise her photos will be sent to the husband of Y, i.e. Z. Y, in order to live peacefully with Z, delivered Rs. 50,000/- to X. Decide the liability of X in this case.

(क) 'C' एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी द्वारा नियुक्त कैब चालक कम्पनी के कर्मचारियों को दिल्ली से गुड़गाँव लाता है और वापस ले जाता है। कुछ कैब चालकों के द्वारा हड़ताल किये जाने के कारण, 'C' से दिन व रात के दौरान अधिक चक्कर (Trip) लगाने का आग्रह किया गया। 24 अप्रैल 2011 को करीब 3.30 बजे सुबह जब वह गुड़गाँव से दिल्ली के लिए 10 कर्मचारियों को लेकर 8वीं चक्कर लगाते हुए 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से घुमावदार फ्लाईओवर पार कर रहा था थकान और निद्रा के

कारण फ्लाईओवर से गिर जाता है, तथा इस प्रकार आठ कर्मचारियों की मृत्यु कारित हो जाती है और उसे तथा शेष कर्मचारियों को क्षति कारित हो जाती है। क्या 'C' ने कोई अपराध किया है ? यदि हाँ, तो उस अपराध का उल्लेख करते हुए अपने उत्तर के समर्थन में निर्णीत वादों का हवाला दीजिए।

(ख) 'X' और 'Y' एक दूसरे के घनिष्ठ मित्र थे। इस घनिष्ठता के दौरान 'X' ने 'Y' के कुछ आपत्तिजनक छायाचित्र प्राप्त कर लिए। उनके कॉलेज के दिनों के पश्चात् जब 'Y' ने 'Z' के साथ विवाह कर लिया, 'X' ने 'Y' को फोन कर उसे उन छायाचित्रों को उसके पति अर्थात् 'Z' को भेज देने की धमकी देते हुए रु. 50,000/- की माँग की। 'Y' अपनी 'Z' के साथ शान्तिपूर्ण जीवन के अनुक्रम में रु. 50,000/- 'X' को दे दिए। प्रस्तुत मामले में 'X' के दायित्व का निर्धारण कीजिए।

4. X and Y were childhood friends in the village. Both of them grew together and there was an understanding between them that they will eventually marry each other after X takes up a job in the city. X got a job and was to leave for the city. Before leaving for city, he made a promise to Y that he will be marrying her after he returns from city with sufficient money for marriage. On the basis of said promise, he had a sexual intercourse with Y with her consent, before leaving for

the city. In the city X was attracted to another girl Z in his office and started evading Y. Shocked by the conduct of X, Y filed a criminal complaint against X for prosecuting him for the offence of rape, X pleads that such sexual intercourse was with the consent of Y therefore, he has committed no offence. Decide with the help of legal provisions and judicial decisions.

'X' और 'Y' एक गाँव में बचपन के दोस्त थे। दोनों साथ-साथ बड़े हुए और उनमें एक आपसी सहमति थी कि 'X' के शहर में नौकरी लग जाने के पश्चात् वे आपस में विवाह कर लेंगे। 'X' को नौकरी मिल गई और उसे शहर के लिए निकलना था। शहर के लिए निकलने से पूर्व 'X' ने 'Y' को वचन दिया कि विवाह के लिए पर्याप्त धनराशि लेकर शहर से लौटने पर वह उससे विवाह करेगा। उक्त वचन के आधार पर शहर आने से पूर्व 'Y' की सहमति से उसके साथ संभोग किया। शहर में 'X' अपनी कार्यालय सहकर्मी एक लड़की 'Z' के प्रति आकर्षित हो गया और 'Y' से बचने लगा। 'X' के आचरण से आहत 'Y' ने 'X' के विरुद्ध बलात्कार के अभियोजन के लिए आपराधिक शिकायत दर्ज की। 'X' संभोग के प्रति 'Y' की सहमति का अभिवचन करते हुए यह अभिवाक् करता है कि उसने कोई अपराध नहीं किया है। विधिक उपबंधों और निर्णीत वादों का हवाला देते हुए अपना निर्णय दीजिए।

5. Point out the difference between any **two** of the following:

(a) Culpable homicide and murder.

(b) Kidnapping and abduction.

(c) Theft and extortion.

निम्नलिखित में से किन्हीं दो के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए :

(क) आपराधिक मानववध और हत्या,

(ख) व्यपहरण और अपहरण

(ग) चोरी और उद्दापन

6. (a) X while withdrawing money from the Bank, was paid Rs. 1,000 in excess by mistake of the cashier due to heavy rush. X calculated and came to know of this excess amount. He kept it with him for some days and during next visit to the Bank disclosed the fact and was ready to return the excess amount. Has X committed any offence? Discuss.

(b) "Criminal breach of trust and cheating are two distinct offences generally involving dishonest intention but mutually exclusive and different in basic concept". Explain with the help of decided cases.

(क) 'X' जबकि वह बैंक से धनराशि निकाल रहा था, भारी भीड़ के कारण कैशियर ने भूलवश एक हजार रुपये अधिक अदा कर दिये। 'X' ने गणना की और यह धनराशि अधिक है, जान गया। वह इसे कुछ दिनों तक अपने साथ बनाये रखा और जब वह अगली बार बैंक गया तो बैंक को उक्त तथ्य बता दिया तथा उक्त अधिक धनराशि वापस करने को तैयार था। क्या 'X' ने कोई अपराध किया है ? विवेचन कीजिए।

(ख) "आपराधिक न्याय भंग और छल दो भिन्न अपराध हैं, जिनमें सामान्यतया कपटपूर्ण आशय सम्मिलित होता है परन्तु आधारभूत संकल्पना में परस्पर अनन्य और भिन्न है।"
उक्त कथन की व्याख्या निर्णीत वादों के आलोक में कीजिए।

**7.** X a minor girl was going to a vegetable market in search of work when she met a woman Y, who promised her work and asked to accompany. Y took X to her home and kept her there till evening. Another woman Z took her away from the home of Y to a bungalow where she was kept for two days. Before any further act could take place, police apprehended both women Y and Z along with minor X.
State the liability of Y and Z in this case.

'X' एक अवयस्क लड़की कार्य की तलाश में सब्जी मण्डी जा रही थी, एक महिला 'Y' से मिली जिसने उसे काम देने का वचन दिया

और साथ आने को कहा। 'Y' 'X' को अपने घर ले गयी और शाम तक रोके रखी। एक अन्य महिला 'Z' उसे 'Y' के घर से अपने बंगला पर ले गयी और वहां दो दिनों तक रोके रखी। कोई और घटना घटित हो सके इससे पूर्व पुलिस ने दोनों महिलाओं 'Y' और 'Z' को अवयस्क 'X' के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में Y' और 'Z' के दायित्व की विवेचना कीजिए।

**8.** (a) In order to grab property of his brother B, A intending to kill him gave him sweets mixed with poison. Before B could consume the sweets, he kept them on the table and went to wash his hands. Meanwhile, a child of seven years, the son of A came and took some parts' of the sweets and ate them. The child died by consuming the poisonous sweets. A is being held liable for murder while he takes the plea that he had no intention to kill the child. Decide.

(b) E gives her expensive saree to a dry-cleaner for dry-cleaning and ironing it. On the next day, the dry-cleaner tells her that the saree is not yet ready and will be given to her after two days. In the afternoon, E goes to a ladies' party and sees her friend Z wearing the same saree. On inquiring Z reluctantly discloses that she has hired the saree

for a day from the same dry-cleaner. What offence has been committed by the dry-cleaner ?

(क) 'A' ने अपने भाई 'B' की सम्पत्ति हथियाने के अनुक्रम में उसे मारने के आशय से जहर मिली मिठाई दी। 'B' ने उसे खाने से पूर्व टेबल पर रखा और अपने हाथ धोने चला गया। इस बीच 'A' का सात वर्षीय पुत्र वहाँ आया और उक्त मिठाई का कुछ हिस्सा लेकर खा लिया। जहर युक्त मिठाई खाने से उस बच्चे की मृत्यु हो गयी। 'A' हत्या के लिए दायित्व निर्धारण में अभिवचन करता है कि उसका बच्चे को मारने का आशय नहीं था। निर्णय दीजिए।

(ख) 'E' ने अपनी महँगी साड़ी ड्राईक्लीन व इस्त्री करने के लिए ड्राईक्लीनर को दी। अगले दिन ड्राईक्लीनर उसे बताता है कि साड़ी तैयार नहीं है और वह उसे दो दिन बाद देगा। दोपहर में 'E' एक लेडीज पार्टी में जाती है और अपनी एक मित्र 'Z' को वही साड़ी पहने हुए देखती है। पूछताछ करने पर 'Z' अनिच्छा से बताती है कि उसने उसी ड्राईक्लीनर से साड़ी को एक दिन के लिए किराये पर लिया है। ड्राईक्लीनर ने कौन सा अपराध किया है ?